# पाठ-१६ : समय की सुरंग

## ❖ शब्दार्थ

सक्षम - योग्य
खंडहर - टूटी-फूटी इमारत
अतीत - बीता हुआ, गत
गुप्तद्वार - वह दरवाजा जो सामने दिखाई न दे
बदहवास - घबराया हुआ
भयभीत - डरा हुआ
गगनचुंबी - आकाश को छूने वाली, बहुत ऊँची
उधेडबुन - असमंजस, दुविधा
अट्टालिका - भवन
कार्यवाही - काम, कार्य करने की विधि
उत्सुकता - जानने की तीव्र इच्छा
सहसा - अचानक
पक्षाघात - एक रोग जिसमें शरीर का बायाँ या दाहिना भाग निष्क्रिय हो जाता है, लकवा
पुरातत्व - पुरानी बातों के अध्ययन तथा अनुसंधान से संबंध रखने वाली विशेष विद्या

## ❖ सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए ।

क) लेखक का मित्र क्या करता था ?

( ) वह चित्रकार था
( ) वह इंजीनियर था
( ) वह एक शोधार्थी था
(✓) वह वैज्ञानिक था

ख) कालयंत्र में कितने हैंडल लगे हुए थे ?

(✓) दो
( ) तीन
( ) चार
( ) पाँच

ग) कालयात्री अपने कालयंत्र को कहाँ छोड आया था ?

( ) अट्टालिका के भीतर
( ) वीणा के पास
(✓) स्फिंक्स के पास
( ) मारलोक लोगों के पास

घ) दिन के प्रकाश में कौन नहीं निकल सकते थे ?

(✓) मारलोक
( ) विशालकाय जीव
( ) जहरीले जंतु
( ) ड्रैगन

च) पुरातत्व संग्रहालय में काँच की एक पेटी में कौन-सी चीज रखी हुई थी ?

( ) सूई
(✓) माचिस की डिब्बी
( ) लोहे की कमानी
( ) घडी

## ❖ गद्यांश पढकर प्रश्न के उत्तर

कालयात्री ने हमें आज भोज के लिए बुलाया था । जब हम उसके निवास स्थान पर पहुँचे तब न तो कालयात्री वहाँ था और न उसका कालयंत्र अर्थात टाइम मशीन । उसने एक पत्र लिख छोडा था कि 'यदि मैं सात बजे तक न आ पाऊँ तो आप लोग भोज शुरु कर देना ।'

क) कालयात्री के निवास-स्थान पर पहुँचने पर क्या पता चला ?

उ) कालयात्री के निवास पर पहुँचने पर पता चला कि न तो वहाँ कालयात्री है और न उसका कालयंत्र ।

ख) अपने पत्र में कालयात्री ने क्या लिखा था ?

उ) अपने पत्र में कालयात्री ने लिखा था कि यदि मैं सात बजे तक न आ पाऊँ तो आप लोग भोजन शुरु कर देना ।

ग) सब किसकी प्रतीक्षा कर रहे थे और जब वह पहुँचा तो उसकी हालत कैसी थी ?

उ) सब कालयात्री की प्रतीक्षा कर रहे थे । वह वहाँ बहुत बदहवास हालत में पहुँचा ।

## शब्द-संपदा

❖ **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।**

| | | |
|---|---|---|
| अविश्वनीय × विश्वसनीय | निर्णय × अनिर्णय | विश्वास × अविश्वास |
| निश्चय × अनिश्चय | जीवन × मरण | विचित्र × सामान्य |
| प्राचीन × नवीन | अंधकार × प्रकाश | |
| विशाल × लघु / सूक्ष्म | भविष्य × भूत | |

## पाठ-ज्ञान

❖ **मौखिक प्रश्न**

१) क्या आप किसी ऐसे यंत्र की कल्पना कर सकते है जो आपको पिछली सदी या अगली सदी में ले जा सके ?

उ) हाँ

२) "क्या मैं सूर्य से आया हूँ ?" यह किसने किससे पूछा ?

उ) "क्या मैं सूर्य से आया हूँ ?" यह वाक्य व्यक्ति ने लेखक से पूछा ।

३) कालयात्री काँप क्यों उठा ?

उ) कालयात्री काँप उठा क्योंकि कालयात्री का कालयंत्र गायब हो गया था ।

४) कालयंत्र को कहाँ छिपाया गया था ? इसके बारे में कालयात्री की क्या धारणा थी ?

उ) कालयंत्र को चबूतरे के भीतर छिपाया गया था । इसके बारे में कालयात्री की धारणा थी कि मारलोक लोगों ने कालयंत्र छिपाया है ।

५) कालयात्री ने भविष्य की दुनिया में कितने तरह के लोगों के होने की संभावना व्यक्त की?

उ) कालयात्री ने भविष्य की दुनिया में दो तरह के लोगों के होने की संभावना व्यक्त की, एक वे जो प्रकाश में धरती पर रहते है और दूसरे वे जो धरती के नीचे अंधकार में ही रहते है ।

६) कालयात्री जल्दी से जल्दी कहाँ पहुँचना चाहता था ?

उ) कालयात्री जल्दी से जल्दी पंखदार मूर्ति के पास पहुँचना चाहता था ।

७) वीणा प्रसन्नता से ताली क्यों बजाने लगी ?

उ) सूखी घास में लगी आग को देखकर वीणा प्रसन्नता से ताली बजाने लगी ।

८) जंगल में आग लगने का क्या परिणाम हुआ ?

उ) जंगल में आग लगने से प्रकाश के कारण मारलोक की भाग-दौड में वीणा कालयात्री से बिछड गई ।

९) लेखक को कालयात्री की आपबीती पर भरोसा करना कठिन क्यों लग रहा था ?

उ) लेखक को कालयात्री की आपबीती पर भरोसा करना कठिन लगा क्योंकि कालयात्री की बातें अविश्वसनीय थी और उसने लेखक को विचित्र सुगंध वाले फूल दिखाए थे ।

## ❖ प्रश्नों के उत्तर

१) लेखक ने अपने मित्र को 'कालयात्री' का यह नया नाम क्यों दिया था ?

उ) लेखक के मित्र ने एक ऐसी मशीन बनाई थी जिस पर बैठकर वह अतीत की यात्रा कर सकता था, भविष्य की सैर कर सकता था । इसलिए उन्होंने अपने मित्र को नया नाम कालयात्री दिया था ।

२) जब कालयात्री संगमरमर की अट्टालिका में पहुँचा, तब वहाँ कितने लोग थे ? कालयात्री के प्रति उनका व्यवहार कैसा था ?

उ) कालयात्री जब संगमरमर की अट्टालिका में पहुँचा, उस समय वहाँ लगभग सौ लोग थे । वे कालयात्री को उत्सुकता से देख रहे थे । कुछ उसे छूकर भी देख रहे थे ।

३) कालयात्री ने टोर्च के प्रकाश में कैसे विचित्र जीव को देखा ? उसने उसके गायब होने के बारे में क्या सोचा ?

उ) टोर्च के प्रकाश में कालयात्री ने बडी-बडी लाल आँखों और सिर पर घने बालों वाले विचित्र जीव को देखा । उसने सोचा कि भविष्य की इस दुनिया में दो तरह के लोग है । एक वे जो प्रकाश में धरती पर रहते है और दूसरे वे जो धरती के नीचे अंधकार में रहते है ।

४) मारलोक लोगों की दुनिया कैसी थी ? वे किस चीज से डरते थे ?

उ) मारलोक लोगों की दुनिया धरती के अंदर थी । वे कुओं में उतरकर अंदर जाते थे । वहाँ सुरंगे थी । और मशीनें लगी हुई थी जिनके चलने की आवाज आती रहती थी । मारलोक प्रकाश से डरते थे ।

५) नीली इमारत किसकी थी तथा वहाँ कौन-कौन सी चीजें रखी हुई थी ?

उ) नीली इमारत एक पुरातत्व संग्रहालय थी । वहाँ तरह-तरह की वस्तुएँ रखी हुई थी । कालयात्री को वहाँ माचिस की डिब्बी, कपूर और लोहे का एक डंडा दिखाई दिया ।

६) कालयात्री और मारलोक लोगों के बीच संघर्ष को अपने शब्दों मे लिखिए ।

उ) कालयात्री ने सूखी घास में आग लगा दी । अँधेरे में मारलोक लोगों ने उसे घेर लिया । लोहे का डंडा घुमाते हुए वह आगे बढने लगा । कालयात्री ने माचिस की तीली जलाई तो मारलोक भाग गए पर उसके बुझते ही वे फिर कालयात्री पर टूट पडे । वे कभी डर कर भागते पर शीघ्र ही फिर आ धमकते । तभी जंगल में आग लगने से प्रकाश हो गया और मारलोक भाग गए ।

७) 'टाइम मशीन' या 'कालयंत्र' जैसी किसी मशीन का आविष्कार मनुष्यों के लिए किस प्रकार उपयोगी हो सकता है ?

उ) 'टाइम मशीन या 'कालयंत्र' जैसी किसी मशीन के आविष्कार से हम भविष्य के संसार में झाँक सकते है और समय रहते भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयारी कर सकते है । ठीक ऐसे ही बीते हुए समय में जाकर हम भूली हुई खोई हुई चीजों और सभ्यताओं की जानकारी कर सकते है । उनसे सीख ले सकते है ।

## ❖ रिक्त स्थान की पूर्ति

१) कालयंत्र में <u>तीन</u> हैंडल लगे हुए थे ।

२) आधुनिक युग में यंत्रो व <u>मशीनों</u> का प्रयोग बहुत बढ गया है ।

३) कालयंत्र में लगी घडी <u>सुइयाँ</u> तेजी से घूम रही थी ।

४) सहसा अंधकार में <u>मारलोक</u> लोगों ने लेखक को घेर लिया ।

५) कालयंत्र <u>पंखदार</u> मूर्ति के चबूतरे के भीतर था ।

६) मैदान में जगह-जगह <u>छायादार</u> शेड है ।

७) लेखक चबूतरे में बना <u>गुप्तद्वार</u> खोलने लगा ।

८) लेखक का मित्र एक <u>वैज्ञानिक</u> था ।

❖ **सही या गलत**

१) दिन के प्रकाश में जहरीले जंतु नहीं निकल सकते थे । ✗

२) दीवारों पर बनी खिडकियों में काले-काले मोटे परदे टँगे हुए थे । ✓

३) कालयंत्र में पाँच हैंडल लगे हुए थे । ✗

४) लेखक का मित्र एक वैज्ञानिक था । ✓

५) पुरातत्व संग्रहालय में काँच की एक पेटी में माचिस की डिब्बी रखी हुई थी । ✓

६) लाल इमारत दरअसल एक पुरातत्व संग्रहालय की थी । ✗

७) लेखक चबूतरे में बना गुप्तद्वार बंद करने लगा । ✗

❖ **सही मिलान**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) | टाइम मशीन | - | वैज्ञानिक ने बनाई |
| २) | मित्र | - | कालयात्री |
| ३) | पुरातत्व संग्रहालय | - | नीली इमारत |
| ४) | समय की सुरंग | - | लेखक एच जी वेहस |
| ५) | मारलोक | - | चतुर थे |